## एक नजर

### जिप सदस्य और पूर्व विधायक आपस में भिड़े

**रांची/ हजारीबाग।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर अब मैदानी जंग शुरू हो चुकी है। विधानसभा चुनाव लड़ने की चाहत रखने वाले प्रत्याशी अब अपनी ताकत आजमाइश करने लगे हैं। पक्ष और विपक्ष के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों के बीच वाक युद्ध के साथ गुथम गुत्थी की भी घटना शुरू हो गई है। ऐसा ही नाराजरा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा के चौपारण में देखने को मिला है। मंगलवार को अचानक चौपारण प्रखंड सहित पूरे बरही विधानसभा का राजनैतिक पारा गरम हो गया। जब आग की तरह यह खबर फैली कि वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला के पुत्र जिप सदस्य रविशंकर अकेला और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं दोनों के समर्थकों के बीच काफी कहा-सुनी हो गई।

### झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानजनक पेंशन दे सरकार : बीपी मेहता

**रांची/ हजारीबाग।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा जिला इकाई में अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय धरना उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दिया। अध्यक्षता महमूद आलम व संचालन खलील अंसारी ने किया। धरना के बाद अपनी मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में सैकड़ों आंदोलनकारी शहीद हुए। यातनायें झेली और जेल गये लेकिन अलग राज्य बनने के 24 साल बाद भी सरकार आंदोलनकारियों के लिये अबतक कुछ भी नहीं किया है। उन्होंने सरकार से आंदोलनकारियों की पहचान कर उन्हें सम्मानजनक पेंशन एंव अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग की। धरना में महासचिव पुष्कर महतो, बटेश्वर प्रसाद मेहता, चंद्रनाथ भाई पटेल, शबनम परवीन, दिगंबर मेहता, विपिन सिन्हा समेत बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मौजूद रहे।

### ज्ञान शील एकता के मूलमंत्र से काम करती है अभाविप : गौतम महतो

**रांची/ रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 9 जुलाई को अपने 76 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर रामगढ़ के डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। जहां जिले के प्रत्येक विद्यालय\ महाविद्यालय से दसवीं कक्षा एवं 12वीं कक्षा के छात्रों को जो अपने विद्यालय में 10 सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर हजारीबाग विभाग के सह संयोजक अंशु पांडे,रामगढ़ जिला के जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार, जिला संयोजक शुभम गिरी उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय ग्रामीण विकास सचिव ने किया बागवानी व मनरेगा पार्क का निरीक्षण, कहा

# आम की खेती कर किसान बन रहे हैं आत्मनिर्भर



- ◆किसान अपनी जीविका के लिए कर रहे हैं बेहतर प्रयास
- ◆रांची जिला के बेड़ो प्रखंड की धरती पर ग्रामीण विकास की दिखी बेहतर तस्वीर

**नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता बेड़ो** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को रांची जिला स्थित बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत का क्षेत्र भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण के साथ-साथ कई लोगों से बातचीत की गई। मौके पर ईटाचिल्दरी गांव में लगे 39 एकड़ जमीन पर आम बागवानी एवं मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया गया साथ ही लाभुकों से बात कर सचिव भारत सरकार शैलेश कुमार सिंह के अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव के श्रीनिवासन, जेएसएलपीएस झारखंड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संदीप सिंह और उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर लाभुकों के द्वारा बताया गया कि तत्कालीन बीडीओ विजय कुमार सोनी के कार्यकाल में लगाए गए आम बागवानी से प्रत्येक वर्ष 50 से 60 हजार रुपए अर्जित हो जाते हैं। साथ ही विधिवत रूप से लगे पौधों के कारण उक्त भूमि पर खेती का कार्य भी हो जाता है। मनरेगा के तहत मिले कूपों के कारण सिंचाई की पर्याप्त सुविधा मुहिया हो जाती है जिससे प्रत्येक वर्ष बागबानी के साथ-साथ 2 से 3 फसल की खेती का भी लाभ प्राप्त हो जाता है। प्रखंड और पंचायत से मिलने वाली सुविधाओं के कारण जीवन स्तर में भी हम किसानों का सुधार आ रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ईटाचिल्दरी में बनाए गए मनरेगा पार्क का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा के कार्यों की प्रशंसा की कहा कि रांची जिला के बेड़ो प्रखंड की धरती पर ग्रामीण विकास की ऐसी तस्वीरें दिखाई पड़ती है जहां किसान आत्मनिर्भर होते नजर आते हैं। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ से किसानों के जीवन स्तर पर सुधार आ रहा है। साथ ही दूर दराज के किसानों की जिंदगी में विकास की सौगातें मिल रही हैं। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर स्थानीय जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा झारखंड की परंपरा के अनुसार शानदार स्वागत किया गया। मांदर की थाप पर नृत्य करती हुई स्थानीय महिलाओं की जुबान पर पारंपरिक स्वागत गीत फिजा में रस घोल रहे थे। साथ ही स्वागत के दौरान अतिथियों को जंगलों की फूलों से निर्मित माला और मुकुट भी भेंट की गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ऋतुराज, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, पंचायत की मुखिया अनीता बड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, पुरुषोत्तम भाई पटेल, दुर्गा ताना भगत सहित पंचायत पर प्रखंड के कर्मी एवं पदाधिकारी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### लापुंग प्रखंड के टॉपर कमलेश महतो सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय परिसर में मैट्रिक व इंटर मे अव्वल आये छात्र छात्राओं के लिए भव्य मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2024 का आयोजन कर बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बीडीओ उषा मिंज, अंचलाधिकारी पंकज कुमार तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने लापुंग प्रखंड में मैट्रिक की परीक्षा में 88.40% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बने राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया के छात्र कमलेश महतो, 85.40% अंक लाकर सेकंड टॉपर बनी मॉडल विद्यालय लापुंग की छात्रा दिलानी बरला, 85.20% अंक लाकर थर्ड टॉपर बने राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के छात्र एवं छात्रा क्रमशः रुबी कुमारी और विवेक कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## न्यूज बॉक्स

### मरीज से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम बदरी निवासी कबीर अंसारी जो कई सालों से बिमार है और डॉ परमेश्वर भगत पीड़ित के घर जाकर हाल-चाल जाना एवं जल्द स्वस्थ होने की कामना किए। इस तरह विगत दिनों मांडर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करांजी निवासी मोबारक अंसारी एवं ग्राम दर्जी जाड़ी निवासी नबी अंसारी से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।और सभी के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए अपनी ओर से हर संभवतः मदद देने का भरोसा दिलाया।

### जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ने की आर्थिक मदद



**मांडर।** जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने करगे पंचायत के एक गरीब लडकी आरती कुमारी की शादी में आर्थिक मदद किया। साथ ही उन्होंने एक पलंग सेट भी दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा धर्म हैं। गरीब और असहाय की मदद के लिए मैं सदैव तैयार हूं।बताते चले कि आरती कुमारी की मां बाप दोनों नहीं हैं। इस अवसर पर वार्ड सदस्य भी मौजूद थे।

### स्पाइसी रसोई प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**मांडर।** विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय छात्र के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मांडर इकाई द्वारा कंदरी स्थित स्पाइसी रसोई में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा 75% से ऊपर लाने वाले दर्जनों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं प्रखंड के टॉप पांच विद्यार्थियों को शील्ड के रूप में मोमेंटो भी दिया गया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद ने बताया कि विद्यार्थी परिषद पिछले 75 वर्षों से छात्रों में राष्ट्रवाद की अलख जगाने का कार्य कर रही है एवं समाज की प्रत्येक कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान देता है छात्रों के अंदर व्यक्तित्व के निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर परिषद आगे बढ़ रही है। संचालन धीरज सिंह व धन्यवाद ज्ञापन राहुल ठाकुर ने किया। बाद में मांडर नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें नगर अध्यक्ष पवन कुमार दास, उपाध्यक्ष - निखिल सिंह, रश्मि तिर्की- नगर मंत्री, धीरज सिंह सह मंत्री, शिवम पाठक, रोशन उरांव अंकिता उरांव दीपक सिंह,नगर खेल प्रमुख विनीत,नगर मीडिया प्रभारी, निशांत सिंह नितेश पाठक नगर एसएफएस प्रमुख सतीश उरांव ओम तिवारी नगर एसएफडी प्रमुख प्रणव पाठक अंजली खलखो,राष्ट्रीय कला मंच,निशा सिंह कार्यकारिणी जीतेश कुजूर, अमन कुमार शिव शक्ति, काजल कुमारी, सुरभी कुमारी को बनाया गया। मौके पर आदर्श प्रसाद, विवेक, राहुल धीरज दीपक निशा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### सरकारी जमीन लूट का आरोप, माले नेता राजेश सिन्हा ने की जांच की मांग



**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने पचंबा थाना अंतर्गत करहरबारी पंचायत में सरकारी जमीन की लूट का दावा किया है। उन्होंने करहरबारी पंचायत के नगरवापत्थर,नवाटांड़, खरियोडीह आदि इलाकों में भ्रमण करने के बाद दावा करते हुए कहा कि इस इलाके में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर भू-माफिया बेच रहे हैं और सरकारी जमीन के इस लूट में अंचल कर्मियों की भी मिली भगत है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को जल्द ही गिरिडीह उपायुक्त के समक्ष भी रखेंगे और इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि खरियोडीह इलाके में नदी की जमीन को भी जमीन माफिया अतिक्रमण कर बेच रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि करहरबारी पंचायत में सरकारी जमीन की हेराफेरी में एक सफेद पोश नेता का सीधा जुड़ाव है। राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष रहे नेता फिलहाल गठबंधन के सहयोगी हैं। ऐसे में माले नेता राजेश सिन्हा के द्वारा करहरबारी में सरकारी जमीन की लूट को रोकने के लिए किया जा रहा प्रयास कितना सार्थक होगा। इस पर सब की निगाहें रहेगी।

### खलारी केडी बाजार में 9 दुकानदारों के विरूद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज



**खलारी।** झारखंड उर्जा विकास निगम लिमिटेड के शीर्ष बोर्ड द्वारा जारी निर्देश के आलोक में झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड की टीम द्वारा खलारी में विशेष बिजली चोरी छापेमारी अभियान चलाया गया। जिनमें कई दुकानों में बिना संबंध के बिजली इस्तेमाल करते पाया गया। कई दुकानदार मीटर बाईपास कर विद्युत उर्जा चोरी करते पाए गए।एक दुकानदार पर कनेक्शन के बावजूद डबल फेज बिजली इस्तेमाल के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। सहायक विद्युत अभियंता, मांडर राजेश बिरूवा के द्वारा खलारी थाना में कुल नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें करीब साढ़े तीन लाख रूपए का क्षतिपूर्ति फाइन लगाया गया है। इस छापेमारी अभियान में अजय कच्छप, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बचरा, बचरा के संवेदककर्मी शहबाज आलम, विजय प्रजापति, बाबूलाल यादव व अन्य कर्मी शामिल थे।

### आदिवासी छात्र-छात्राओं के जाति आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बनने पर छात्रों को हो रही परेशानी

**रांची/ हजारीबाग।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ हजारीबाग के द्वारा आयुक्त कार्यालय में हजारीबाग और चतरा जिला में जाति और आयसीय प्रमाण पत्र नहीं बनाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया । हजारीबाग एवं चतरा जिले में आदिवासी छात्र छात्राओं के जाति आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में प्रतियोगी परीक्षा में आवेदन तक नहीं कर पा रहे है और आदिवासियों को सरकारी योजना का लाभ एवं सरकारी विभाग में भर्ती से वंचित रखा जा रहा है। प्रमाण पत्र के लिए छात्र-छात्राओं को हर रोज कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। आयुक्त कार्यालय में उपस्थित न होने के कारण उनके पीए के द्वारा अस्वस्थ किया गया कि दोनों जिलों के संबंधित पदाधिकारी को करवाई किया जाएगा। मौके में उपस्थित राष्ट्रीय महासचिव विक्की कुमार धान, जिला अध्यक्ष अर्जुन केरकेट्टा, विभावि अध्यक्ष रोशन कुमार टोप्पो, अरविंद उरांव,प्रदीप उरांव , संदीप उरांव सतीश, रिनाय, पिंटू, राजेश, इत्यादि थे।

## मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होगा राजकीय मध्य विद्यालय, खलारी

# केंद्र के 'पीएम श्री योजना' के तहत हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड अंतर्गत खलारी बाजारटांड़ स्थित राजकीय मध्य विद्यालय खलारी का चयन प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के लिए चयन हुआ है। रांची जिले में कुल 20 पुराने स्कूलों का चयन पीएम श्री योजना के तहत हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को निरूपित करने के लिए यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत देश के 14500 पुराने स्कूलों को माडर्न बनाया जाएगा जिसमें रामवि खलारी भी शामिल है। इस योजना के तहत विद्यालय में सारी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ माडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। पीएम श्री विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं बेहतर की जाएगी। नवीनतम तकनीकी स्मार्ट कक्षा, खेल एवं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किया जाएगा। इस योजना के तहत विद्यालय में स्मार्ट कक्षा, पुस्तकालय, कौशल प्रयोगशाला, खेल का मैदान, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, छात्र छात्राओं के लिए अलग अलग आधुनिक शौचालय आदि सभी सुविधाएं प्रदान किए जाएंगे। पीएम श्री स्कूल अनुकरणीय स्कूलों की तरह काम करेंगे। वे दूसरे स्कूलों का भी मार्गदर्शन करेंगे।

### स्कूल परिसर का अतिक्रमण है बड़ी समस्या : प्रधानाचार्य

राजकीय मध्य विद्यालय खलारी के प्रधानाचार्य उत्तरा कुमार ने कहा कि उनके विद्यालय का चयन पीएम श्री स्कूल के रूप में हुआ है। यह खलारी प्रखंड के लोगों के लिए गौरव की बात है। बताया कि यहां अभी कक्षा एक से आठ तक पढ़ाई होती है। पीएम श्री योजना लागू होने के बाद नर्सरी कक्षा भी शुरू हो जाएगा। बताया कि 250 दाखिला है जिसमें प्रतिदिन आधे से अधिक उपस्थिति रहती है। अभी शिक्षकों की कमी है। मात्र 7 शिक्षक है। जिनमें 5 स्थाई व 2 पारा शिक्षक हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि यहां अतिक्रमण बड़ी समस्या है। परिसर में ही कई घरों का दरवाजा खुलता है। स्कूल परिसर में गाड़ी पार्किंग कर दिया जाता है। लोग कार वाश करते हैं। रविवार को खलारी बाजारटांड़ में साप्ताहिक हाट के बाद सोमवार को स्कूल के बरामदे में ढेला पत्थर, दोना भरा मिलता है। कई बार विद्यालय के कमरों का ताला टूटा है।

## अवैध वसूली को लेकर मनरेगा बीपीओ पर मुखिया संघ ने लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सदर प्रखंड के मुखिया संघ के सदस्यों ने गिरिडीह प्रखंड में मनरेगा के बीपीओ निकेश कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में मुखिया संघ ने एक आवेदन भी गिरिडीह डीडीसी को सौंपा है। मुखिया संघ ने उपायुक्त से बीपीओ निकेश कुमार का स्थानांतरण की मांग की है। दिए गए आवेदन में मुखिया संघ ने कहा कि निकेश कुमार की कार्यशैली काफी खराब है। पंचायत में मनरेगा योजना में लाभुकों से बीपीओ योजना स्वीकृति के नाम पर प्रति योजना मोटी रकम की अवैध वसूली कर रहे हैं। पंचायत के गरीब लाभुक अगर किसी तरह योजनाओं की स्वीकृति करा भी लेते हैं तो पुनः इनके द्वारा प्रथम जियो टैग में रूपयों की वसूली की जाती है। इसी तरह द्वितीय जियो टैग में पुनः रूपयों के लिए लाभुकों पर दबाव बनाया जाता है। इससे सभी मुखिया मर्माहत है। वहीं प्रतिदिन ग्राम पंचायत के मनरेगा मेट के द्वारा इनकी शिकायत मिल रही है। आवेदन में बताया गया कि बीपीओ निकेश कुमार जिन प्रखंडों में भी रहे हैं। वहां उन्होंने जमकर भ्रष्टाचार किया है। जिसको लेकर निवर्तमान उपायुक्त द्वारा नितेश कुमार को सख्त हिदायत देते हुए स्थानांतरित किया गया था लेकिन बीपीओ निकेश कुमार अपनी कार्य शैली में बदलाव नहीं ला रहे हैं। इसलिए इनका स्थानांतरण गिरिडीह प्रखंड से भी कर दिया जाए। मुखिया संघ के लोगों ने कहा कि अविलंब कार्रवाई नहीं होने पर सभी मुखिया कार्य बहिष्कार के साथ चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

## वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** समाहरणालय स्थित टाउन हॉल में मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी,सभी ग्राम सभा/एफआरसी के अध्यक्ष एवं सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी निशा सिंह ने उपायुक्त व अन्य वरीय पदाधिकारी को पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्यों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में कहा की हम सभी को इस अधिनियम के विषय को समझने की जरूरत है, वन अधिकार अधिनियम 2006 को जिला प्रशासन धरातल पर उतरने हेतु हर सम्भव प्रयास कर रही है। उपायुक्त ने सभी सदस्यों को वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं वन पट्टा के महत्व के संबंध में सभी को समझाते हुए कहा कि वन पट्टा नौकरी लेने के लिए नहीं बल्कि वनों को बचाने के लिए दिया जाता है। इस अधिनियम के मूलभूत उद्देश्य को समझना होगा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को एक स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण के लिए जंगल को बचाने का अपील किया। वन्य जीवन जंगल और जैव विविधता की रक्षा करें और उन पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव ना डालना यह सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आसपास के जल ग्रहण क्षेत्र जल स्रोत और अन्य पारिस्थितिक रूप से संवेदन क्षेत्र पर्याप्त रूप से संरक्षित है।

## एबीवीपी बेड़ो ने विशेष कार्यक्रम कर मनाया 76वां स्थापना दिवस

# अभाविप हमेशा से राष्ट्र हित के मुद्दों को मुखरता से विश्व पटल पर उठाने का कार्य किया है : डॉ. अनिमा

- ◆सभी सम्मानित अतिथियों का अंगवस्त्र, बेच एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया
- ◆रांची अभाविप पहला ऐसा छात्र संगठन है जो कश्मीर से धारा 370 के खिलाफ एक लंबा संघर्ष किया




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** अभाविप बेड़ो नगर इकाई के द्वारा करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में विद्यार्थी परिषद के 76वां स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन गया । कार्यकताओं ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर अथिति के रूप में अभाविप के प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक कुणाल शर्मा, बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, रा. विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो नितेश पासवान, डॉ अनिमा लकड़ा, अभाविप बेड़ो नगर अध्यक्ष उमेश नारायण सिंह, विश्विद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ एवं नगरमंत्री रोहन महतो ने सयुंक्त रूप से मां सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। सभी सम्मानित अतिथियों का अंगवस्त्र, बेच एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभागार में सभी छात्र छात्रओं को सम्बोधित करते हुए प्रादेशिक विश्विद्यालय संयोजक कुणाल शर्मा ने एबीवीपी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर परिषद के लंबे संघर्ष व राष्ट्रनिर्माण में हुए ऐतेहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला । सभागार में मुखिया सुशांति भगत ने 76वें स्थापना दिवस पर अभाविप के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। छात्रों को सम्बोधित करते हुए डॉ. अनिमा लकड़ा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पहला ऐसा छात्र संगठन है जो कश्मीर से धारा 370 के खिलाफ एक लंबा संघर्ष किया था साथ ही बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाई थी, विद्यार्थी परिषद हमेशा से राष्ट्र हित के मुद्दो को विश्व पटल मुखरता से उठाने का कार्य किया है वहीं नगर अध्यक्ष उमेश नारायण सिंह ने सभी को अभाविप 76वां स्थापना दिवस व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर विश्वविद्यालय संयोजक शिवेन्द्र सौरभ ने राष्ट्रहित में व शिक्षा के क्षेत्र में अभाविप के द्वारा दिए गए योगदान व संघर्ष को बताया।

## दुर्घटना

## रांची गुमला मुख्य मार्ग पर यात्री बस पलटने से 13 यात्री घायल

# तीन को गंभीर अवस्था में किया गया रिम्स रेफर



- ◆घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को एम्बुलेंस से बेड़ो अस्पताल पहुंचाया

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार के दोपहर लगभग डेढ़ बजे डुमरी से रांची जा रही तेज रफ्तार अमर नामक यात्री बस संख्या जेएच 0 7 जी - 0322 एक राहगीर को बचाने के दौरान चालक का बस से नियंत्रण खो जाने के कारण सड़क पर ही बस पलट गई, जिससे बस में सवार तेरह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को एम्बुलेंस से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी का इलाज कर गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स भेजे जाने वाले गंभीर रूप से घायलों में बस के कंडक्टर सूरजदेव प्रसाद 50 वर्ष पिता रामकुमार साहू ग्राम डुमरी गुमला, मोना कुमारी 28 वर्ष पिता सुरेश राम ग्राम भरनो हरिजन टोली व बुद्धदेव उरांव 60 वर्ष पिता स्व चामा उरांव, ग्राम बेला गुमला के नाम शामिल हैं। जबकि अन्य घायलों का इलाज कर छुट्टी दे दिया गया जिनमें श्वेता एक्का 31 वर्ष पति सुनील कुमार खलखो ग्राम फुलवा टोली चैनपुर गुमला, पायल कुमारी पिता रामप्रेम उरांव 28 वर्ष ग्राम दुंदरीया, गुमला, ग्लोरिया केरकेट्टा 45 वर्ष पति बसंत केरकेट्टा करनी, गुमला, पंचू लोहरा 60 वर्ष पिता पिता रामनाथ लोहरा, भरनो पोखरटोल गुमला, पुनिया टोप्पो 47 वर्ष पति स्व कल्याण टोप्पो ग्राम परसा पेरिस चैनपुर गुमला, गीता देवी 26 वर्ष पति राजू राघव ग्राम उमरी दान टोली गुमला, सफिरा तिर्की 50 वर्ष पति पिंगल तिर्की जलपाईगुड़ी आसाम मोड़ तारा पड़ा मुंडा बस्ती आसाम, ललिता तिर्की 40 वर्ष पति सुशील मिंज बोकारो स्टील सिटी, शकुंतला देवी 60 वर्ष पति सुरेश राम भरनो हरिजन टोली, सुखमनिया देवी 50 वर्ष पति पंचू लोहरा ग्राम भरनो जिला गुमला शामिल हैं।

## खलारी के बंगाली समुदाय ने भक्तिभाव से किया माता विपत्ततारिणी की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी में मंगलवार को माता विपत्ततारिणी की पूजा श्रद्धा भक्ति से की गई। खलारी पहाड़ी मंदिर मार्ग स्थित कालीबाड़ी में मां विपत्ततारिणी की प्रतिमा स्थापित कर दो दिवसीय पूजा शुरू की गई। पंडित डा एसके घोषाल व आचार्य विश्वजीत घोषाल द्वारा आचार्य शुभम झा, आचार्य शिवम पांडेय के सहयोग से मां विपत्ततारिणी की पूजा कराई गई। माता को तेरह प्रकार के फल, मिष्ठान का भोग लगाया गया। पूजा समिति के सचिव समरकुमार सेन ने बताया कि बुधवार को मां के पूजन, हवन एवं खीर भोग के साथ समापन होगा। मां का वरण व प्रतिमा विसजर्न अपराह्न 3 बजे किया जाएगा। पूजा में बंगाली समुदाय के अलावा खलारी कोयलांचल क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर समिति के संरक्षक डा चंद्रशेखर रत्न, अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी, उपाध्यक्ष सुमितकुमार सिंह, अनुराग सिंह, सचिव समरकुमार सेन, सहसचिव रोहित कुमार, रामसूरत यादव, विष्णु मुंडा, कुलदीप लोहार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। इधर श्रीजानकी रमन मंदिर खलारी परिसर में माता विपत्ततारिणी की तस्वीर रखकर पूजा की गई। पुजारी बृजराज दुबे द्वारा विधानपूर्वक पूजा कराया गया।

## रिम्स शासी परिषद की बैठक में 37 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# खुलेगा रीजनल क्लिनिकल ट्रायल यूनिट

**संस्थान में पीजीडीएचएचएम समेत कई कोर्स की होगी पढ़ाई**

**रिम्स परिसर का कायाकल्प करने का भी लिया गया निर्णय**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में क्लिनिकल ट्रायल शुरू होने वाला है। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में रीजनल क्लिनिकल ट्रायल यूनिट खुलने का रास्ता साफ हो गया है। रिम्स शासी परिषद की हुई बैठक में मंगलवार को इस संबंध में फैसला लिया गया। इसमें आईसीएमआर इंटेंट को कमरा आवंटित करने समेत 37 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में 55वीं, 56वीं और 57वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के संपुष्टि भी की गई।

रिम्स शासी परिषद ने बैठक में कहा कि प्रशासनिक भवन के पहले और दूसरे तल्ले पर बड़े-बड़े हॉल का एल्यूमिनियम पार्टीशन कर एक केबिन आईसीएमआर इंटेंट (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के इंडियन क्लिनिकल ट्रायल एंड एजुकेशन नेटवर्क) को आवंटित कर दिया जाए। रिम्स में इग्नू को भी जगह मिल सकेगी। इसके अलावा, पीजीडीएचएचएम समेत कई कोर्स की पढ़ाई भी संस्थान में हो सकेगी। शासी परिषद की बैठक में इस पर भी मुहर लग गई है। बैठक में 60 साल पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार करने और परिसर का कायाकल्प करने पर भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा, एमआरआई (मैग्नेटिक रिजोनेंस इमेजिंग) मशीन की खरीदारी में सिंगल टेंडर के आड़े आने वाली समस्या को दूर कर रिपीट ऑर्डर पर मशीन खरीदने समेत कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। रिम्स शासी परिषद की बैठक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परिषद के सदस्य रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल, रिम्स के निदेशक डॉ राज कुमार, रिनपास के डायरेक्टर, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। एम्स के डायरेक्टर इस मीटिंग में ऑनलाइन जुड़े थे।

**बैठक में लिये गए अन्य फैसले**

- रिम्स में 783 करोड़ रुपये की लागत से वृद्धिकरण, जीर्णोद्धार और बाउंड्री वॉल का काम होगा।
- एमआरआई की मशीन की खरीदारी जल्द की जाएगी।
- 5 प्रोटोकॉल अफसर की होगी नियुक्ति।
- 15 करोड़ रुपये की वित्तीय शक्ति स्वास्थ्य मंत्री को दी गई।
- 129 अनुबंध दैनिक कर्मियों का होगा नियमितीकरण।
- 10 वर्षों से अधिक सेवा देने वाले अनुबंध कर्मियों का रोस्टर के आधार पर होगी स्थायी नियुक्ति।
- दुर्गा पूजा के पहले क्षेत्रीय नेत्र संस्था को शुरू करने पर लगी मुहर।
- 20 करोड़ की लागत से 310 के आश्रय गृह के लिए संचालन के लिए होगी निविदा।
- रिम्स के कैंसर विभाग में जल्द शुरू होगी इमरजेंसी की सेवा।



# 15-18 आयुवर्ग के ड्रॉपआउट स्कूली बच्चों को पढ़ाई का अवसर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद आउट ऑफ स्कूल या ड्रॉपआउट हो चुके 15-18 आयुवर्ग के बच्चों को अपनी पढ़ाई राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जारी रखने का अवसर दे रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना की पहल पर ऐसे बच्चे, जो 15 से 18 आयुवर्ग के हैं और किन्ही कारणों से विद्यालय नहीं जा पाए हैं एवं ड्राप आउट हो चुके हैं, वे 27 जुलाई की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर पंजीकरण करा सकते हैं।

वे अपनी इच्छानुसार वर्ग 3/5/8/10/12 कक्षाओं की पढ़ाई पूरी करने के लिए पंजीकरण करवा सकेंगे। इसके माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा उक्त आयुवर्ग के बच्चो की संख्या ज्ञात की जा रही है।

**झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के माध्यम से एनआईओएस में करा सकेंगे नामांकन**

**नामांकन कराने के लिए गूगल फॉर्म में कराना होगा रजिस्ट्रेशन**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने ऐसे बच्चे और उनके अभिभावकों से अपील की है कि जो बच्चे विद्यालय से बाहर रह गए हैं या ड्रॉपआउट हैं, वे पुनः अपनी पढ़ाई आरंभ करें और उसे उन्हें पूर्ण करे। निःशुल्क पंजीकरण कराने के लिए छात्रों को वेबसाइट पर जाकर अपना विवरण जमा करना होगा।

## न्यूज बॉक्स

### टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन आज से रहेगी रद्द



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 10, 12 और 14 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल गुंडा बिहार मूरी होकर चलेगी। वहीं, दक्षिण रेलवे में ब्लॉक की वजह से ट्रेन संख्या 13352 अलपुझा धनबाद एक्सप्रेस 9, 10,13, 14, 15,16, 17, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28 और 30 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पोत्तनूर इरुगूर सुरतकल होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का कोयंबटूर स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। परिवर्तित मार्ग में पोत्तनूर स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव होगा।

### मारवाड़ी कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी के सिलेबस को सुधार के साथ मिली स्वीकृति



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में बोर्ड ऑफ स्टडीज की मीटिंग दोपहर दो बजे बायोटेक्नोलॉजी विभाग में बायोटेक्नोलॉजी एवं वनस्पति विज्ञान के एचओडी डॉ राजीव चंद्र रजक की अध्यक्षता में हुई। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर बायोटेक्नोलॉजी सिलेबस को सुधार के साथ स्वीकृति प्रदान कर दी गई। बैठक में एक्सपर्ट के रूप में डॉ अरुण कुमार, एचओडी एवं डीन ऑफ साइंस, डिपार्टमेंट ऑफ बॉटनी, रांची यूनिवर्सिटी, रांची, डॉ शालिनी लाल, एवं डॉ गीतांजलि सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विभाग, डीएसपीएमयू शामिल हुए। वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी में आए परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए स्नातक एवं स्नातकोत्तर बायोटेक्नोलॉजी के सिलेबस में कुछ सुधार करने का सुझाव सहमति से पारित कर दिया गया।

### जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में बोर्ड ऑफ स्टीडीज की बैठक संपन्न



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो महामनी कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विषय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में विश्विद्यालय प्रतिनिधि डॉ नारायण भगत (कुड़ुख), डॉ गीता कुमारी सिंह (कुरमाली), डॉ सविता केशरी (नागपुरी), प्रो कुमारी शशि (खोरठा), प्रो मनय मुंडा (मुंडारी), पूर्ववर्ती छात्र सत्यनारायण मुंडा एवं विभाग के प्रध्यापक डॉ खातिर हेमरोम, सुमंती तिर्की, संगीता तिग्गा, डॉ अशोक कुमार महतो, जुरा होरो, डॉ अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### रांची में चोरी का आरोपित गिरफ्तार बाइक बरामद



**रांची।** राजधानी की पिठौरिया थाना पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम रिजवान कुरैशी है। वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुदरी चौक का रहने वाला है। इसके पास से चोरी की ग्लैमर बाइक बरामद की गयी है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि पिठौरिया के उलातु के मुनीजा खातुन का दामाद एक बाइक की चोरी कर सुसराल आया है। सूचना के बाद इंस्पेक्टर सत्यदेव प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी कर चोरी की बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह बाइक गत छह जुलाई को पिठौरिया के मो. दिलसाद के घर के सामने से चोरी कर ली गयी थी।

### नेशनल योगासन में रांची के मोहित को रजत पदक

**रांची।** इंडियन हठ योग फेडरेशन द्वारा मुंबई में आयोजित दो दिवसीय इंडियन नेशनल योगासन चैंपियनशिप 2024 में 18 प्लस ग्रुप में रांची झारखंड के मोहित कुमार को रजत पदक प्राप्त हुआ है। वहीं, जमशेदपुर के आदित्य कुमार चौथे स्थान पर रहे। ज्ञात हो कि झारखंड के योग प्रशिक्षक इंद्रजीत चक्रवर्ती के नेतृत्व में मुंबई के अंधेरी में आयोजित 6 एवं 7 जुलाई को आयोजित इंडियन नेशनल योगासन चैंपियनशिप में झारखंड के 14 प्रतिभागियो ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें आशी कुमारी, स्वाति प्रिया, अभीरा, के दीक्षित, आर्यन कुमार, प्रदीप कुंभकार, रूपा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, चित्रा शाह, कुमार पाठक, जगदीश सिंह अभिजीत कुमार, मुन्ना कुमार एवं ईशानी चक्रवर्ती ने भाग लिया। दूसरा स्थान प्राप्त करने के कारण मोहित को सऊदी अरब में आयोजित होने वाली वर्ल्ड योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### डीएमओ रांची ने जब्त किए अवैध बालू लदे 8 ट्रैक्टर व 5 टर्बो

**रातू।** रांची जिला खनन पदाधिकारी मोहम्मद अबु हुसैन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार की रात 8 बजे बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा-छापर मार्ग स्थित पोयजम जंगल के समीप छापेमारी कर अवैध बालू लदे 8 ट्रैक्टर व 5 ट्रबो को जब्त कर लिया। पकड़े गए सभी वाहनों पर खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और विभावि के पूर्व कुलपति रमेश शरण का निधन



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और झारखंड के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण का सोमवार देर रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख व्यक्त किया है और इसे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया है कि मैं डॉ रमेश शरण के निधन से व्यक्तिगत रूप से काफी मर्माहत हूं। यह झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं मरांग बुरु से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने डॉ रमेश शरण के निधन पर शोक जताया और उन्हें जनवादी अर्थशास्त्री बताया, जो जनहित के लिए काम करते थे। उन्होंने कहा कि वे हाशिए पर मौजूद समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध थे। डॉ शरण एक दयालु इंसान थे। हम उन्हें एक महान शिक्षक, विद्वान और मित्र के रूप में प्रेम पूर्वक याद रखेंगे। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ रमेश शरण का कोलकाता के अस्पताल में 69 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। उन्हें लंग्स में इंफेक्शन था, जिसकी वजह से वे पिछले सात-आठ दिन से बीमार थे। पहले उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया और तबीयत में सुधार नहीं होने के बाद एयर एंबुलेंस से कोलकाता ले जाया गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं। रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर अंकित श्रीवास्तव उनके दामाद हैं।

# नगर निगम ने गड्ढों को भरकर दिखाई सक्रियता

**खबर का असर**




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में सड़कों पर बने गड्ढों के संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल में खबर छपने के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आ गया है। रांची नगर निगम ने सक्रियता का परिचय देते हुए उन गड्ढों को भर दिया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय नवीन मेल के सिटी संस्करण में खबर छपी थी कि रांची रेलवे स्टेशन के पास बने गड्ढे से आए दिन दुघर्टना होती है। बड़े हादसे होने के अंदेशे की खबर को प्रकाशित किया गया था। इसके बाद रांची नगर निगम ने गड्ढे को भर दिया।

# मानवाधिकार सुरक्षा के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी : डॉ मेघा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची की लेखिका डॉ मेघा रानी को विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग ने राष्ट्रीय शौर्य सम्मान से नवाजने के लिए चुना है। उनके समाजिक कार्यों और लेखन के जरिये लोगों तक उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया जा रहा है। साथ ही, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे सम्मानित पद पर नियुक्त किया है, जिसकी चिठ्ठी अधिकारिक रूप से आयोग की ओर से जारी कर दी गई है।

नियुक्ति के बाद बिरसा चौक स्थित होटल पार्क इन में मंगलवार को डॉ मेघा ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। मौके पर डॉ मेघा रानी ने कहा कि मानवधिकार सुरक्षा के लिए समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने मानवाधिकार की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी, नारी उत्पीड़न, भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुलभुत सुविधाओं से कोई वंचित नहीं रहे, इस पर गंभीरता से काम किया जाएगा। डॉ रानी ने उम्मीद व्यक्त करते हुए कहा कि मानवाधिकार सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शासन-प्रशासन का सहयोग मिलेगा।

**विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग डॉ मेघा रानी को देगा राष्ट्रीय शौर्य सम्मान**

उन्होंने कहा की मानवाधिकार सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। प्रशासन को सुनिश्चित करना होगा कि मानवाधिकार की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

# डीपी ज्वेलर्स में हुए लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, आठ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाताष। रांची**

जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स दुकान में हुए लूटकांड मामले का खुलासा करते हुए आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पलामू निवासी विकास उर्फ विक्की कुमार, शशि भूषण प्रसाद उर्फ पिंटु, विवेक कुमार, पंकज कुमार शर्मा, अभिरंजन कुमार सिंह, गढ़वा निवासी मुकेश कुमार, सुरज कुमार विश्वकर्मा और पलामू निवासी रितेश वर्मा शामिल हैं। इनके पास से रातू रोड के ओ एक्सवाई होटल से घटना के समय अपराधियों की ओर से पहना गया दो हेलमेट, सफेद शर्ट, काले रंग का जूता, आसमानी रंग का जिंस बरामद किया गया है। इसके अलावा, पंडरा ओपी स्थित बाजरा के सुभाष नगर से घटना के समय अपराधियों द्वारा प्रयुक्त लाल रंग का टीशर्ट, काला रंग का जूता, एक लोडेड देसी कट्टा , तीन गोली कुल चार गोली, दो मोबाइल, 66 हजार रुपये, विभिन्न प्रकार के सोना जैसा जेवर कुल 420 ग्राम, चांदी 66 ग्राम, फर्जी आधार कार्ड जब्त किया गया है। साथ ही, डायमंड अपार्टमेंट, राधारानी मंदिर रोड, नियर पुनदाग ओपी क्षेत्र से दो पिस्टल, दस गोली, दो देसी कट्टा, दस गोली, चांदी का जेवर विभिन्न प्रकार का 8.500 किलोग्राम, 25 हजार रुपये नकद, नौ पीस मोबाइल, दो रामपुरी चाकू और फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी पलामू, बिहार, ओडिशा से की गई है। यह गिरोह हेलमेट गिरोह के नाम प्रसिद्ध है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रांची के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में 28 जून को चार अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटपाट की थी। साथ ही, दुकान के संचालक ओम वर्मा के बयान पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता और डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। टीम ने अनुसंधान और तकनीकी एवं पेशेवर तरीके से घटना में शामिल आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि रांची के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में 28 जून को चार अपराधियों ने हथियार के बल पर 1.50 करोड़ के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे।

## सीआईडी ने जमीन कारोबारी को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) ने बंगाल रजिस्ट्री कार्यालय से हुए फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर रांची में जमीन बेचने वाले जमीन दलाल अशोक सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि जमीन कारोबारी अशोक सिंह को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जमीन मामले में पूर्व में चंद्रशेखर, अभिषेक और समीर को गिरफ्तार कर चूकी है।

रांची के पिठोरिया इलाके के जमुआरी मौजा में स्थित जमीन को बंगाल के पावर को आधार बना कर खरीद-बिक्री की गई है। इसका खाता नंबर 10, 11, 33, 29 और प्लॉट नंबर 138, 139, 140, 142, 160, 161 और 162 है।

# बोझ बन जाता है नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति : राजेश कुमार सिन्हा

**1 जुलाई से लागू नए कानून की दी गई जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा के मार्गदर्शन में गुरु नानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हेरोइन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में भी जानकारी दी गई। मध्यस्थ पीएन सिंह ने कहा कि हमारे समाज में व्याप्त नशा, हम सब के लिए एक अभिशाप है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा के शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। सीआईडी-डीसपी, नेहा बारला ने कहा कि खराब संगति में आकर युवा नशीली पदार्थों का सेवन कर अपने अनमोल जीवन को नष्ट करते है। नशा से पूरा घर-परिवार बिखर जाता है। लाइफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा ने नशा से होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा से दूर रहकर ही मनुष्य स्वस्थ रह सकता है। नशा का प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। नशा से परिवार की आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होती है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने आगे कहा कि नशा के अभ्यस्त व्यक्ति का पूरा पैसा नशा करने में खर्च होता है। नशा के अभ्यस्त व्यक्ति का समाज में मान-सम्मान भी समाप्त हो जाता है। 13 जुलाई को होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी छात्र-छात्राओं को बताया गया। साथ ही एक जुलाई से लागम नया कानून के संबंध में भी बताया गया।

# अभाविप का 76वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रांची महानगर ने रांची के वर्धमान कंपाउंड स्थित प्रदेश कार्यालय में 76वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया। इसमें प्राध्यापक एवं विद्यार्थी कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीपनारायण जायसवाल, महानगर अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार एवं महानगर मंत्री ऋतुराज सहदेव द्वारा संयुक्त रूप से झंडारोहण किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो अपने स्थापना काल से ही छात्र एवं राष्ट्रीय हित एवं सामाज हित के उद्देश्य के साथ कार्य कर रहा है। देशभर में 50 लाख से अधिक सदस्यों के साथ आज यह एक वृहद संगठन के रूप में अपना व्यापक स्वरूप शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में स्थापित कर चुका है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद एक मात्र संगठन है, जहां प्राध्यापक एवं विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के बीच में एक समावेशी सोच के साथ कार्य करता है।

**आवश्यकता है**

1994 से प्रकाशित आईपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डालटनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर एनएसीओसीआई की हुई बैठक

**हजारीबाग।** नेशनल एण्टी करप्शन ऑपरेशन कमिटी ऑफ इंडिया की स्थानीय इकाई की बैठक मंगलवार को हुई। अध्यक्षता मनोज कुमार दास राष्ट्रीय प्रशासनिक ने किया।उन्होंने समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासनिक महकमे से सीधे संपर्क पर जोर दिया।बैठक में संगठन के राष्ट्रीय स्थापना दिवस का आयोजन 29 सितंबर 2024 को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में आयोजित हो रही उसमें स्थानीय इकाई की भागीदारी और संगठन के विस्तार व अन्य बिंदुओं पर भी विशेष चर्चा करने के साथ हीं मासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।साथ हीं सामाजिक उन्नयन और भ्रष्टाचार मुक्त, कदाचार मुक्त समाज के नवनिर्माण पर जोर दिया गया।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज लोहरा,जिला महामंत्री संजय उपाध्याय,जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर समेत संस्था के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मां विपदतारिणी की पूजा से सभी सब संकट मिट जाते हैं: जयंत मुखर्जी

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो हाउसिंग कॉम्प्लेक्स स्थित कालीबाड़ी परिसर में मंगलवार को क्षेत्र के बंगला समुदाय के लोगों ने मां दुर्गा के विपदतारिणी स्वरूप की पूजा की। इस मौके पर कालीबाड़ी के पुजारी जयंत मुखर्जी और मानिक मुखर्जी ने मां के विविध मंत्रोच्चार के साथ विधिवत मां विपदतारिणी की पूजा कराई। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु पूजा में शामिल हुए और मां के समक्ष प्रार्थना की। पुजारी जयंत मुखर्जी ने बताया कि मां विपतारिणी की पूजा महाप्रभु जगन्नाथ के मौसीबाड़ी में प्रवास के प्रथम शनिवार अथवा मंगलवार को किए जाने का प्रावधान है। बंगला संस्कृति के अनुसार मां की पूजा का विशेष प्रावधान है। जिसमें मां की पूजा में श्रद्धापूर्वक 13 प्रकार के पुष्प, इतनी ही संख्या के फल, मां के सोलह श्रृंगार की सामग्री और पकवानों सहित लाल रंग के 13 धागों से 13 गांठ के साथ 13 दुरबा (दूब) वाले रक्षा कवच अर्पित कर पूजा अर्चना की जाती है।

# मां भगवती और बजरंगबली की आराधना से बढ़ती है आत्म शक्ति : टोनी जैन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टोनी जैन ने बड़ा शिव मंदिर औकनी में चल रहे सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री सतचंडी महायज्ञ सह देवी भागवत कथा आयोजन स्थल जाकर आयोजकों से मुलाकात की। यज्ञ मंगलवार को ग्राम देवता के पूजन के साथ प्रारंभ होकर 16 जुलाई को हवन पूजन और पूणार्हुति के साथ संपन्न होगा।इस दौरान प्रतिदिन शाम को महाआरती और भागवत कथा का आयोजन होगा। श्री जैन ने भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार के जन्मदिन के अवसर पर सुमन कुमार के साथ बुढ़वा महादेव परिसर में तुलसी का पौधा लगाकर तुलसी के पौधे का विवरण भी किया।उन्होंने बुढ़वा महादेव स्थित मां भगवती मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की, हनुमान जी को भोग लगाया तथा शिवलिंग पर जल चढ़ाया और हजारीबाग की जनता के लिए सुख समृद्धि और शांति के लिए आशीर्वाद मांगा, पूजा के पश्चात प्रसाद का वितरण किया।कार्यक्रम में उनके साथ सोनू गुप्ता एवं शेखर गुप्ता भी मौजूद थे।



### हेमंत सोरेन के विश्वास मत हासिल करने से सच्चाई की हुई जीत : प्रदीप

**बरकट्ठा।** प्रखंड के पचफेड़ी चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वासमत हासिल करने और कैबिनेट के विस्तार पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रखंड 20 सूत्री समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सदन में हासिल हुए विश्वास मत से सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने कहा की अगले तीन महीने में झारखंड का विकास हेमंत सोरेन के नेतृत्व में तेजी से होगा। पहली बार डॉ इरफान अंसारी और दीपिका पांडेय सिंह के मंत्री ?बनने पर प्रखंड के कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए मिठाईयां बांटी। हर्ष व्यक्त करने वालों में डॉक्टर आरसी प्रसाद मेहता, संतोष देव, शंकर साव, हेमराज प्रसाद, किशोरी चौधरी , अरुण मंडल, मधुसूदन प्रसाद, राजेंद्र साव, बबुनी चौधरी, नरेश चौधरी, संजय ठाकुर समेत आदि लोग शामिल हैं।

### भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के सौजन्य से जर्जर सड़क को किया गया दुरुस्त

# कभी भी घट सकती थी बड़ी दुर्घटनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

शहर के एनएच 100 पगमिल रोड वार्ड 21 की हालत जर्जर हो गई थी। हल्की सी बारिश में नाली का पानी रोड पर आ जाता था जिससे यातायात बाधित होने के साथ ही कई दुर्घटनाएं भी हो जाती थी। जिससे लोगों को काफी परेशानियां होने लगी थीं। खासकर स्कूल बच्चों को स्कूल जाने के समय परेशानियां होती थीं। जो स्थिति इससे जाहिर होता था कि कभी छोटे वाहन फिसल कर गिर सकते थे, जिससे कोई बड़ी घटनाएं हो सकती थीं। इन्हीं समस्याओं के बीच चार दिन पूर्व कटकमसांडी में पौधा रोपण करने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद अपने काफिले के साथ उस रोड से गुजर रहे थे उसी वक्त उन्होंने रोड की यह जर्जर स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों से वातार्लाप कर अपने खर्चे से सड़क दुरुस्त करने का निर्णय लिया। मंगलवार को सुबह हीं श्री प्रसाद दो हाईवा अलकतरा चिप्स, गिट्टी लेकर उस जर्जर रोड पर पहुंचे। रोड में सभी सामग्री को डालने के उपरांत स्वयं प्लेन किया जिसके बाद स्थानीय लोग भी मरम्मती कार्य में जुट गए। बगैर किसी मजदूर के पूरे रोड को स्थानीय लोग एवं श्री प्रसाद और उनकी टीम के सदस्यों के द्वारा ठीक किया गया। स्थानीय निवासी साजिद ने कहा कि सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से भी जर्जर मार्ग को ठीक करवाने का आग्रह विभाग से किया गया था लेकिन इस ओर किसी ने भी ईमानदारी पूर्वक संज्ञान नहीं लिया,परंतु प्रदीप प्रसाद के द्वारा अपने खर्च से यह कार्य किया गया है। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सेवा के लिए हूं और सदैव सेवा करता रहूंगा।

### 11 जुलाई को लगेगा बैंक ऑफ इंडिया का ऋण समझौता शिविर

## अधिकतम छूट के साथ एनपीए खाता बंद कराने का है सुनहरा मौका : मैनेजर



**बरही।** आगामी 11 जुलाई को बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर शाखा की ओर से स्थानीय पंचायत सचिवालय में समझौता शिविर का आयोजन किया जाएगा. शाखा प्रबंधक सूरज एक्का ने बताया कि इस शिविर में एनपीए खाता धारक अधिकतम छूट के साथ ऋण की राशि का एकमुश्त या किश्तवार भुगतान का लाभ ले सकते हैं. यह एनपीए खाताधारकों के लिए सुनहरा मौका है. इस अवसर का लाभ उठाकर बैंक ऋण से मुक्त हो सकते हैं. इस शिविर का मुख्य मकसद है लोगों को अपने जीवन में सुखी रखना। बैंक ने लोगों के जीवन को खुमय बनाने के लिए एक रास्ता निकाला है। इससे जो भी ऋणधारक होंगे इसका लाभ ले सकते हैं। ऋणधारक को भी चाहिए कि इसका भरपुर लाभ ले सकें। धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने भी एनपीए खाता धारकों से इस योजना का लाभ उठाकर सूद व मूल माफी का अधिकतम लाभ लेने की अपील किया है. उन्होंने पंचायत के एनपीए खाताधरको से शिविर में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित लाभ लेने की बात कही है. मुखिया ने कहा कि बैंक हम सबों के सहयोग के लिए है ऐसे में ऋण लेना और उसे समय से चुकता करना भी हमारा दायित्व है. शिविर पूर्वाहन 11 बजे से संध्या 3 बजे तक संचालित होगा..

## जिप सदस्य कुमकुम ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के चांदगढ में स्थानीय युवा इजरायल अंसारी ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जिप सदस्या कुमकुम देवी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच जमुआ और गरचांच के बीच खेला गया जिसमें गरचांच की टीम ने जमुआ टीम को पराजित किया। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल कूद के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। खेल कूद से शारीरिक और मानसिक विकास में वृद्धि होती है। उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन करने के लिए इजरायल अंसारी ग्रुप को धन्यवाद दिया। विदित हो एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय, पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ, रामचन्द्र साव, प्रधानाध्यापक मो रियाज, आयोजनकर्ता के सदस्य समेत आदि ग्रामीण खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### डायरिया के रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित



**रामगढ़।** छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्टॉप डायरिया कैंपेन के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने केंद्र सरकार द्वारा डायरिया के रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक डायरिया की रोकथाम साफ सफाई और ओआरएस की वितरण संबंधी आयोजित की जाने वाली कार्यक्रमों के संबंध में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में डायरिया के रोकथाम एवं उपचार प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके जिससे डायरिया से होने वाले प्रभाव को रोका जा सके। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए डायरिया के बचाव के लिए विशेष अभियान चला कर बच्चों में डायरिया के होने वाले लक्षण व बचाव के संबंध में लोगों के बीच व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

### सच्चिदानंद पांडेय ने छात्रों को पढ़ाया 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम का पाठ



**हजारीबाग।** कटकमसांडी के कंडसार विद्यालय में 1857 स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय के वंशज सचिदानंद पांडेय ने स्कूल के 8 वीं से 12 वीं के बच्चो के बीच 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम का पाठ पढ़ाया। बच्चों ने इस दौरान झारखंड के क्रांतिकारियों शहीद जयमंगल पांडेय, नादिर अली खा, शहीद शेख भिखारी, टिकैत उमराव, जीतराम बेदिया, पांडेय गणपत राय, विश्वनाथ साहदेव एवं माधव सिंह की क्रांति गाथा मनोयोग से सुना। स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार पाठक ने भी शहीद जय मंगल पांडेय जैसे वीर क्रांतिकारियों की वीरता से छात्रों को अवगत कराया और शहीद जय मंगल पांडेय के 7 वीं पीढ़ी के वंशज सचिदानंद पांडेय को पुष्प गुच्छ प्रदान किया। संचालन स्कूल के शिक्षक आनंद राय ने की। मौके पर अनुज यादव एवं शशि सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### कबड्डी व खो-खो की प्रांतीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने जीता गोल्ड



**हजारीबाग।** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 35 वें प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता के तरुण वर्ग में बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में तरुण वर्ग के बहन खंड की खो-खो प्रतियोगिता एवं तरुण वर्ग के कबड्डी इवेंट में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली ने प्रथम पुरस्कार जीता है।विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन, निर्णायक संजय कुमार, संदीप कुमार, संरक्षक आचार्य, अखिलेश सिंह, रणजीत सिंह यादव, अक्षय कुमार, आचार्य राकेश कुमार सिंह एवं आचार्य संजय कुमार उपाध्याय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर शुभकामनाएं दी।कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भूली एवं खो- खो प्रतियोगिता में उपविजेता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रजरप्पा रहा।

### युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने दो दर्जन से भी अधिक बहनों को भेंट किया लहंगा



**हजारीबाग।** अपने सेवा भाव से सुर्खियों में रहने वाले युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों की बहनों को विवाह से पूर्व लहंगा भेंट करने का निर्णय लिया है।इसी क्रम मे सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग एवं कटकमसांडी प्रखंड में श्री अजमेरा ने दो दर्जन से भी अधिक बहनों के घर स्वयं पहुंचकर लहंगा भेंट किया और उन्हें शादी की शुभकामनाएं दी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता मेरे परिवार की तरह है उनकी खुशियों में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### हाथियों के आगमन से ग्रामीणों में दहशत का माहौल, घरों और फसलों को किया नुकसान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा डीह होते हुए राम क्लब हरिजन टोला से परबत्ता, बेलकपी,बंडासिंगा में बीते रात हाथी ने कई घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया। वहीं शिलाड़ीह पंचायत में मंगलवार सुबह 6 बजे हाथी के आने से ग्रामीण दहशत में हैं। हाथी शिलाड़ीह मध्य विद्यालय की ओर से होते हुए लगनवां की ओर चला गया। इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन और फॉरेस्ट विभाग को ग्रामीणों ने दिया है। वही प्रशासन के द्वारा कहा गया है कि कोई भी हाथी के नजदीक न जाए तथा छेड़छाड़ न करें। सभी लोग सतर्क रहें। ग्रामीणों के अनुसार लगनवां नर्सरी में तीन हाथी रुके हुए हैं। वहीं बरकट्ठा के धनेश्वर यादव पिता बासो महतो के घर में रखें एक क्विंटल चावल चट कर गया और फसल को नुकसान किया है। मसोमात देवंती देवी पति बद्री साव के घर का दरवाजा तोड़ दिया तथा मकई फसल को नुकसान पहुंचाया है। अर्जुन राणा पिता स्वर्गीय छोटू राणा, रामेश्वर तुरी पिता स्वर्गीय मेघलाल तुरी का घर और फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं बरकट्ठा कोसों देवी मंडप का दरवाजा तोड़ कर मंदिर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा। शिलाड़ीह निवासी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी के बाउंड्री को तोड़ दिया।

### छात्रा ने सीसीएल सीएमडी को छाया चित्र भेंट की

**गिद्दी।** गिद्दी निवासी छात्रा कोमल सिंह ने अपने हाथ से बनाकर सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह को उनकी छाया चित्र प्रदान किया। छात्रा कोमल सिंह गिद्दी निवासी धनंजय सिंह की पुत्री हैं। वहीं छात्रा कोमल सिंह के साथ सीएमडी से मिलने गए भारत सकाउट गाइड के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष उदय शंकर ने भी बुके देकर सीसीएल सीएमडी का स्वागत किया।

### आदर्श सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों पर

## शेरवानी-लंहगा की तैयारी में जुटे गुजरात व दिल्ली के कारीगर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

आगामी 17 जुलाई को महालख्क्षी ट्रस्ट रांची के द्वारा बरही में आयोजित होने वाले आदर्श सामूहिक विवाह को लेकर तैयारियां जोरो पर है. उक्त जानकारी विवाह के मुख्य व्यवस्थापक सह ट्रस्ट के संचालक अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने दी. उन्होंने बताया कि सभी 51 जोड़ों के लिए शेरवानी व लहंगा गुजरात व दिल्ली के कारीगरों के द्वारा बनाए जा रहे हैं. दूल्हे के लिए खास तौर पर सिल्क के कुर्ते व पायजामा का सेट बनाया गया है. श्री आर्या ने इस सामूहिक विवाह के लिए बरही, बरकठ्ठा, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा सहित आस-पास के सभी सामाजिक संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक रूप से आमंत्रित किया है. उन्होंने बताया कि यह एक आदर्श सामाजिक विवाह है, जिसमे सबों की सहभागिता प्रार्थनीय है. उन्होंने कहा कि जितना हक इस समाज पर उनका है ,उतना ही हक व दायित्व समाज के अन्य लोगो का भी है. उन्होंने इस अनुपम विवाह कार्यक्रम में सभी लोगो से जाति, धर्म और राजनीतिक भावना से ऊपर उनकी सहभागिता के साथ सामाजिक ज़िम्मेदारी निभाने हेतु अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने और इस आदर्श सामूहिक विवाह का हिस्सा बनकर सभी 51 बेटियो को आशीर्वाद देने व कन्यादान करने के लिए आमंत्रित किया है. कार्यक्रम 17 जुलाई दिन बुधवार को पूर्वाहन 10 बजे से बरही में आयोजित किए जायेंगे.

### बिना वेतन भुगतान किए कंपनी फरार, ऊर्जा मित्रों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

# चेतावनी : 10 दिनों के अंदर भुगतान नहीं किया गया तो जायेंगे लेबर कोर्ट

**◆कंपनी अपना कारोबार हजारीबाग से समेटकर टाटा चली गयी. इसके पूर्व धोखे में रखकर कंपनी ने ऊर्जा मित्रों से प्रिंटर और मशीन भी वापस जमा करवा लिया था.**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बिजली विभाग के राजस्व उगाही में शत प्रतिशत योगदान देने वाले ऊर्जा मित्र अपने छह माह के बकाए वेतन भुगतान के लिए आज मारे फिर रहे हैं. उनकी नियोक्ता कंपनी साई कंप्यूटर लिमिटेड अपना कारोबार हजारीबाग से समेटकर टाटा चला गया है. इसके पूर्व धोखे में रखकर कंपनी ने ऊर्जा मित्रों से प्रिंटर और मशीन भी वापस जमा करवा लिया था. संबंधित मामले को लेकर ऊर्जा मित्रों ने बिजली विभाग के जीएम को ज्ञापन देकर उनके बकाए राशि की भुगतान करवाने की मांग की है. ज्ञापन में स्पष्ट बताया गया कि यदि कंपनी 10 दिनों के अंदर उनके बकाए राशि की भुगतान नहीं करती है तो सभी उर्जा मित्र लेबर कोर्ट में मुकदमा दायर करेगे. ज्ञापन की कॉपी ऊर्जा सचिव झारखंड सरकार, जीएम, मुख्य कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता, एसडीओ (ई) सहित मेसर्स साईं कंप्यूटर लिमिटेड आदि को पंजीकृत डाक से दी गई है. ज्ञापन देने वालों में कौशल किशोर कौशिक, मो रवाणी, सवानंद सिन्हा, आशीष कुमार, कौशल कुमार, अक्षय पांडेय, राजेश कुमार गुप्ता, संतोष चौधरी, नरेश कुमार, राम प्रसाद राम, छट्ठू कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार पंडित, संजय कुमार, शेखर कुमार, अभय कुमार, सुमन कुमार गुप्ता, अजय कुमार, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार प्रजापति, विनय कुमार, आजाद अंसारी, रिंकु महतो आदि कई उठा मित्र शामिल थे.

### प्लास्टिक मुक्त वातावरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 9 जुलाई को प्लास्टिक मुक्त वातावरण का कार्यक्रम मनाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। मौके पर कक्षा चतुर्थ के बच्चों ने चित्रण और छायांकन कर वातावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए एक पहल की। उन्होंने इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को यह बताया कि अपना स्वयं का पुनः प्रयोज्य बैग लेकर आएं। प्लास्टिक के स्ट्रॉ और कटलरी से बचें। पुनः भरें, पुनर्चक्रित न करें: पुनः प्रयोज्य पानी की बोतल का उपयोग करें। बुद्धिमानी से चुनें: थोक उत्पादों और कम पैकेजिंग वाली वस्तुओं का चयन करें। वातावरण की जुलाई का उद्देश्य लोगों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग न करने और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्रथाओं को बेहतर बनाने में मदद करना है। हम में से प्रत्येक व्यक्ति पुनः प्रयोज्य कप, पानी की बोतलें और प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करके और प्लास्टिक में लिपटे सामान को अस्वीकार करके बहुत बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## नई सोच

### आईसेक्ट विवि की ओर से रबर की खेती को मिला प्रोत्साहन

# आईसेक्ट विवि और भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ एमओयू





**◆आने वाले समय में लोगों के लिए आर्थिक स्त्रोत का बन सकता है महत्वपूर्ण जरिया**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग व भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान (रबर बोर्ड) मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (भारत सरकार), कोट्टायम, केरल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर सोमवार को तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में डॉ मीना सिंह, डॉ रिजू, डॉ सजी कुमार, वरीय वैज्ञानिक, वैज्ञानिक, भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, केरल के अन्य प्रतिनिधि, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन व आईक्यूएसी के निदेशक डॉ एसआर रथ, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार की मौजूदगी में किए गए। बता दें कि इस एमओयू का लाभ कृषि विभाग की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को तो मिलेगा ही, साथ ही आने वाले समय में यहां के किसान भी लाभान्वित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि इसी के तहत विश्वविद्यालय में कृषि संकाय के माध्यम से हजारीबाग में पहली बार आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि रिसर्च फार्म में रबर की खेती की शुरूआत हुई। उन्होंने बताया कि लगभग चार वर्षों में पेड़ तैयार हो जाएंगे और उसके लैक्टस से रबर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे शोध कार्य करने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय प्लेसमेंट, शोधकार्य और विद्यार्थी अनुकूल वातावरण तैयार करने को लेकर विभिन्न संस्थानों से एमओयू कर एक सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से आसपास के किसानों को प्रशिक्षण देकर इस ओर नई ऊंचाइयों को छूने की कोशिश होगी।

### परगना महाल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को सोंपा मांग पत्र

## शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर झारखंड पारा शिक्षकों की समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

भारत जकात मांझी परगना महाल बरकट्ठा के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को रखा। प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू ने आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाड़ीह को सरकारी दर्जा दिलाने की मांग किया। वहीं आदिवासी बच्चों का फीस माफ करने का आग्रह किया। सहायक अध्यापक/ पारा शिक्षक की समस्याओं से भी अवगत कराया। जिसमें शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा अभी हम नए-नए मंत्री बने हैं कुछ दिन इसका अध्ययन करेंगे उसके बाद आप लोगों का जो भी समस्या है उसे समाधान निश्चित रूप से करेंगे। वहीं लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें मुख्य रूप से लगनवां, झंडवाटाड, ज्वारपहाड़पुर, चेचकपी आदि स्थानों में पीसीसी रोड, पुलिया निर्माण और सड़क कालीकरन का मांग किया है। मौके पर भारत जकात मांझी परगना महाल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, कुलदीप बेसरा, फलजीत हांसदा, विनोद बेसरा, अर्जुन बेसरा, पोखन बेसरा, शिबू टुडू, महेश्वर बास्के शामिल थे।

## एक नजर

### विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार लोगों की बिगड़ी तबीयत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरजा गांव में विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। सभी सदस्यों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल मंगलवार को भर्ती कराया गया जहां पर उनकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गरज निवासी अजीत मिंज जंगल की ओर से सोमवार के शाम में मशरूम लेकर आया था और उसके बाद परिवार में मशरूम बनाकर परिवार के सभी सदस्य खाए खाने के बाद उनके घर मे माँ बिलासी मिंज,पत्नी संगीता मिंज,पुत्र बल्सन मिंज की तबीयत बिगड़ने लगी ,बाद में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में उसकी इलाज चल रही है।

### बैंक ऑफ इंडिया बानो की समस्या को लेकर समिति का किया गया गठन

**बानो।** बैंक ऑफ इंडिया बानो में लगातार क्षेत्र के लोगों को केवाईसी सहित कई प्रकार की समस्याओं को लेकर प्रत्येक दिन लंबी लाइन लगाना पड़ता है और उसके बावजूद काम नहीं होती है । जिसको लेकर लोगों में काफी परेशानी का सबक बन गया है, और इसको लेकर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कई बार प्रयास किया गया, लेकिन इस पर अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं हो सका।जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने नगर भावनाओं में मंगलवार को बैठक करते हुए समिति का गठन किया उक्त समिति का नाम किसान मजदूर संघ बानो दिया गया। जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने बताया कि कई बार प्रयास किया गया कि यहां की बैंक की समस्या को दूर किया जाए लेकिन बैंक के कर्मचारी और क्षेत्रीय स्तर के पदाधिकारी की उदासीनता की वजह से बानो क्षेत्र के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### करंट की चपेट में आने से 12 वर्षीय किशोर झुलसा



**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के नवाटोली गांव में मंगलवार को दोपहर में बिजली करंट की चपेट में आने से गांव के 12 वर्षीय स्माइल एक्का नामक किशोर झुलस गया। मामले की जानकारी पिता किशोर रेखा को हुई तब इसकी सूचना झारखंड पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अमजद खान को दी और उन्होंने तुरंत उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी उपचार चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घर में आए खराबी को किशोर के द्वारा ठीक करने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान अचानक करंट लगा ,जिससे कि उसके हाथ सहित कई हिस्से झुलस गया। इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में उसकी उपचार चल रही है फिलहाल खतरे से बाहर है।

### जनता दरबार में जलापूर्ति की समस्या को दूर करने की मांग

**कोडरमा ।** डीसी मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न इलाकों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी-अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। इस दौरान जलापूर्ति समस्या को दूर करने के मामले आए। इसके अलावा जनता दरबार में अबुआ आवास योजना से नाम कट जाने, गैर-मजरूआ जमीन पर कब्जा करने, मकान बनाने से रोकने, अवैध निर्माण, जबरन जमीन पर कब्जा करने, लगान रसीद निर्गत करने के भी आवेदन आए। डीसी ने सभी समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

# तालाब में डूबे तीनों लड़कों का शव बरामद

## गांव में शोक

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के पुरनाथाम में पानी में डूबे एक युवक और दो बच्चों के शवों को अंत्यपरीक्षण के बाद मंगलवार को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है । बताया जाता है कि तीनों गांव स्थित एक तलाब में सोमवार को नहाने गए थे। तालाब में डूबने से युवक समेत दो नाबालिगों की मौत हो गयी। सोमवार देर रात दो शव निकाल लिए गए थे, जबकि एक शव मंगलवार की सुबह निकाला गया।

मृतकों की पहचान सोहेल अंसारी (19), शाहबाज अंसारी (12) और अरबाज अंसारी (12) के रूप में हुई है। घटना के बाबत चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सभी लड़के अपने घर के पास स्थित एक तालाब में सोमवार को नहाने के लिए गये थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ। जब देर शाम तक सभी घर नहीं लौटे तो परिवार के सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। इसके बाद वह तालाब के आस-पास के इलाकों में छानबीन की लेकिन तीनों का कहीं पता नहीं चला।

आसपास के लोगों से पूछताछ और छानबीन के बाद जब उन तीनों का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तालाब में उनकी तालाश शुरू की। घंटों खोजबीन के बाद रात में दो शवों की बरामदगी हो गयी। जबकि रात हो जाने के कारण एक



गांव के ही तालाब में नहाने के दौरान घटी घटना

का शव बरामद नहीं हो सका। मंगलवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की गयी तो तीसरे का शव भी बरामद हो गया। तालाब के पास उन बच्चों का कपड़ा बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि मृत लड़के आपस में रिश्तेदार थे और इनमें एक जयपुर से यहां शादी समारोह में भाग लेने पहुंचा था।

# संदेहास्पद स्थिति में चार माह के मासूम बच्चे की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

कोलेबिरा थाना क्षेत्र स्थित नवाटोली में चार माह के एक बच्चे की मंगलवार को संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद पिता बच्चे की मां पर बच्चे को मारने का आरोप लगाया, जबकि मां के द्वारा पिता पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।दोनों मामले सामने आने पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र के नवाटोली निवासी सुकरा खड़िया नामक व्यक्ति सोमवार रात्रि घर पर अपने चार माह के बच्चा आयुष के साथ सोया था। जब वह उठ कर देखा तो उसका बच्चा मृत था और उसकी पत्नी घर से गायब थी। घरवाले बच्चे की मां रोशनी को खोज कर लाए। जिसके बाद उसके पति सुकरा अपनी पत्नी ने रोशनी पर बच्चे को मारने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।



इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर बच्चे के शव कब्जे में लेते हुए उसके माता पिता को थाना लेकर आई। जहां बच्चे का पिता बच्चे की मां पर बच्चे को मारने का आरोप लगाया। वहीं बच्चे की मां ने बच्चे की पिता पर नशे के कारण बच्चे के प्रति सुकरा के लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस बच्चे की संदेहास्पद मौत को देखते हुए बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बानो की देवनदी पुलिया के पास स्कूटी जल कर राख



बानो। थाना क्षेत्र के देवनदी पुल से कुछ दुरी पर मंगलवार की दोपहर में स्कूटी में अचानक आग लग गयी एवं स्कूटी पूरा धु-धु कर जल कर राख हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार लचरागढ़ की ओर से बानो की ओर जा रहा था, देव नदी से कुछ दूर पर वह खड़ा होकर कुछ काम करने लगा तथा आगे जाने के लिए स्कूटी स्टार्ट करने लगा इसी क्रम में स्कूटी में आग लग गई तथा स्कूटी धु?धु कर जलने लगा स्कूटी सवार के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन स्कूटी जलकर राख हो गया है. घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है घटना की जानकारी बानो पुलिस को दिया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में नवगठित कमेटी के शिक्षकों की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में विद्यालय प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ आचार्य परिवार का बैठक हुई। इस बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों का शिक्षक-शिक्षिकाओं से परिचय प्राप्त हुआ । बैठक के दौरान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हनुमान बोंदिया ने विद्यालय के शिक्षकों का परिचय प्राप्त कर उन्हें विद्यालय के विकास के लिए सदैव क्रियाशील बने रहने का संदेश दिया उन्होंने



कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य विद्यालय विकास में शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ सदैव तत्पर हैं। बैठक में सभी अधिकारियों ने विशेष रूप से कहा कि अगले सत्र से विद्यालय में 11वी की शिक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संयोजक पुरुषोत्तम अग्रवाल तथा रमेश गोयल , विद्यालय के उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत तथा विद्या बड़ाईक, विद्यालय के सचिव चंदेश्वर मुंडा , सह सचिव रामकृष्ण महतो , आमंत्रित सदस्य मुरारी बामलिया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक उपस्थित थे सभी ने विद्यालय के विकास हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा करते हुए विद्यालय विकास में अपने सहयोग के लिए खुद को कृत संकल्पित बताया ।

### ठेठइटांगर के टुकुपानी पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन

**ठेठइटांगर।** प्रखंड अंतर्गत टुकूपानी सचिवालय भवन में मंगलवार को ज्ञान केन्द्र का उद्घघाटन हुआ इस दौरान ठेठाईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने फीता काटकर किया ।साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह का बच्चों के लिए पढ़ने लिखने की व्यवस्था लाइब्रेरी की व्यवस्था हो जाने से हमारे बच्चों को जो गरीब दुखी है अभाव में पढ़ नहीं पाते हैं के लिए यह वरदान साबित होगा और यहां पर आकर वह अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे।उन्होंने कहा यह एक सरकार का बहुत अच्छा योजना है जिससे कि हमारे गांव टोला के बच्चों को बहुत ही सुविधा मिलेगी इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं और मेरी शुभकामना है कि इसके माध्यम से कई हमारे विद्यार्थीयों को लाभ मिलेगा और अपना भविष्य उज्जवल बनाएंगे। बताया गया कि ज्ञान केंद्र के संचालन के लिए एक कमेटी बनाई है जिसके अध्यक्ष शंकर मांझी, सचिव मनोज मांझी को बनाया गया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि कारू टुकूपानी मुखिया , पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य,सुर्दशन मांझी, लोचन मांझी उपस्थित थे।

## कोंबाकेरा नदी घाट में अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

थाना क्षेत्र के कोम्बाकेरा नदी घाट बानो पंप हाउस देवनदी के समीप मंगलवार को स्थानीय लोगों के द्वारा अज्ञात व्यक्ति का पानी में तैरता हुआ शव दिखाई दिया। शव दिखाई देने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत बानो एवं कोलेबिरा पुलिस को दी ,इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद बानो पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया इधर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है पुलिस इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है, वही बताया गया कि पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव



को पहचान हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस में मोर्चरी में रखा गया है 72 घंटे के बाद अगर पहचान नहीं होती है तो मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# सिमडेगा थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना परिसर में मंगलवार के शाम में मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ सुमंत तिर्की के द्वारा की गई। इस मौके पर बताया गया की 17 जुलाई को सिमडेगा शहर में धूमधाम के साथ मोहर्रम पर्व को लेकर जुलूस का आयोजन किया जाएगा ।जुलूस में विभिन्न प्रकार के अलग-अलग जगह से अखाड़ा शामिल होगा जो कि शहर में अलग-अलग जगह पर झांकी खेल तमाशा प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक तक आएगी और इसके बाद वापस पुनः जाएगी। वह इस दौरान बताया गया कि त्यौहार को लेकर शहर में बड़े वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद हो ताकि किसी प्रकार से दिक्कत ना हो जिस पर एसडीओ ने



बताया कि दोपहर के बाद वाहनों का परिचालन रोक दिया जाएगा, इसके अलावा शहर में अवैध शराब के विरुद्ध हमारे अभियान चलाई जाएगी जिससे कि त्यौहार का माहौल खराब ना हो। थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार से कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट ना हो, अगर कोई इस प्रकार से करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।


## उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा), लातेहार

**–:आम सूचना:–**

मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित प्रारंभिक सूचि के आलोक में आवेदको द्वारा प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण त्रिस्तरीय स्क्रुटनी कमिटि द्वारा कर लिया गया है जिसे लातेहार जिले के आधिकारिक वेबसाईट Latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 328998 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)


### बोलबा में धूमधाम से निकाली गई रथ यात्रा



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में धूमधाम से निकाला गया रथ यात्रा। इस मौके पर बाजार टाँड़ जागरनाथ मन्दिर से भगवान जागरनाथ, भाई बलभद्र एवं माता सुभद्रा के विग्रहो की विधिवत पूजन के पश्चात आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर बिठा कर नाचते गाते , जयकारा लगाते , कीर्तन भजन करते हुए मौसी बाड़ी थाना मंदिर में पहुंचा दिया गया । इस मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी सोनू पाठक, अंचल निरीक्षक अनिल टूटी एवं पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद थे । इस मौके माल साडा खंडानिशान के पैकी नृत्य विशेष आकर्षक रहा । यहाँ एक मेला का भी आयोजन किया गया । जिसमें सभी प्रकार की दुकानें सजाए गए थे। इस मौके पर मोतीराम सेनापति, सुरजन बड़ाईक, कपिला पप्रधान , डमरू सिंह, जमुना प्रसाद कृष्णा बड़ाईक, पूरण प्रधान एवं समिति के अन्य लोग मौजूद थे ।

## सिमडेगा भाजपा का बूथ कमिटी सम्मान समारोह 14 जुलाई को

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता : बबन गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई जिसमें 14 जुलाई 2024 को सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय बूथ कमेटियों के सम्मान समारोह सह संकल्प सभा का आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने की चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हैं जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा की दोनों विधानसभा के कार्यकर्ता लोकसभा में मजबूती से अपना कार्य किये आने वाले विधानसभा चुनाव में दोनों विधानसभा के कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार रहे।आने वाले 14 जुलाई को दोनों विधानसभा के सभी 574 बूथ अध्यक्षों एवं बूथ कमेटियों को सम्मानित किया जाएगा क्योंकि उनकी मेहनत से ही भारतीय जनता पार्टी को और रिकॉर्ड वोट आई है।जल्द ही झारखंड में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार होगी।मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान द्वारा भाजपा कार्यालय में हाईटेक डिजिटल टीवी का उद्घाटन किया गया एवं जिला कार्यालय को हाईटेक बनाने की शुरूआत की गई ।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में जमीनी स्तर पर और डिजिटल स्तर पर दोनों स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि कुछ लोग कोलेबिरा विधानसभा के मतदाताओं को दिगभ्रमित कर रहे हैं भारतीय जनता पार्टी कोलेबिरा एवं सिमडेगा दोनों विधानसभा मजबूती से लड़ेगी और दोनों में अपना परचम लहराएगी। मौके पर 14 जुलाई बूथ सम्मेलन





समारोह को लेकर कार्यक्रम का बंटवारा किया गया। जिसमें सिमडेगा विधानसभा संयोजक विमला प्रधान, सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव, संजय ठाकुर कोलेबिरा विधानसभा संयोजक रामविलास बड़ाईक सहसंयोजक मुनेश्वर तिर्की वाहन व्यस्था तुलसी साहु, भोजन व्यवस्था, अनुप प्रसाद ,पोस्टर प्रचार नरेंद्र बड़ाईक, प्रदीप जयसवाल, मंच व्यवस्थ लक्ष्मण बड़ाईक ,दिपक पुरी, राकेश रविकांत ,मीडिया प्रबंधन, रवि गुप्ता, कृष्णा ठाकुर को दिया गया।मौके पर अनूप केशरी ,श्रीलाल साह, सुभाष साहू ,नरेंद्र बड़ाईक ,मुकेश श्रीवास्तव, लिबनुस टेटे ,महाबीर बड़ाईक ,सतीश पांडेय ,मोहन बड़ाईक, सत्यनारायण प्रसाद ,शिवराज बड़ाईक ,दिनेश प्रसाद प्रेम प्रसाद मोजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-16/2024-25 Dated :- 09/07/2024

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 15/07/2024 (अपराह्न 04:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22/07/2024 (अपराह्न 12:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23/07/2024 (अपराह्न 01:00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 62,07,718.88 | 1,24,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में लॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 329099 Minor Irrigation (24-25)_D


# ईश्वर पर अटूट विश्वास और प्रार्थना की बदौलत हम बड़ी से बड़ी लड़ाई जीत सकते हैं : नमन विक्सल



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

कोलेबिरा के बरवाडीह मिशन के 22 मंडली की विशेष सामाजिक बैठक बरवाडीह में हुई। इस बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने सभी 22 मंडली के पदाधिकारियों और उपस्थित लोगों को विभिन्न आदिवासी एवं मसीही समाज के मुद्दों पर जागरूक करते हुए लोगों को कई बातों को बताते हुए कहा कि हम सभी का ये फर्ज बनता है कि हम सभी को मिलकर आदिवासी समाज के उत्थान हक और अधिकार के प्रति कार्य करना है तथा भारत के संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों को सभी को बताते हुए उन अधिकारों को हमारे समाज के लोगों को दिलवाना है।

विधायक ने कहा कि चुकी हमलोगों के खिलाफ कई तरह के कानुन को लागु करवाया जा रहा है तथा कई प्रकार की साजिश रची जा रही है जैसे डिलिस्टिंग का प्रयास, मणिपुर की घटना,झारखंड में ईसाई धर्म स्थल चर्च, गोरेटो को तोड़ने आदि का षड्यंत्र हो रहा है। के लिए सभी लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि हमारे संस्कृति को बचाया जा सके। वही उन्होंने कहा धर्मग्रंथ बाइबल में बताया गया है कि दाऊद और गोलियथ की लड़ाई में दाऊद के पास कुछ भी नहीं था लेकिन एक प्रख्यात, प्रशिक्षित और बलसाली गोलियथ को हराया। मौके पर उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हो रहे षड्यंत्र के प्रति सभी लोगों के झूठ होना पड़ेगा ताकि आदिवासियों की जो संस्कृति और सभ्यता है उसे बचाया जाए।मौके पर कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ डुंगडुंग, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी,मीडिया प्रभारी अमृत डुंगडुंग, फादर ब्रिसयूस तिर्की, फादर फुलजेम्स बुढ़, फादर एडवर्ड, फादर सेबेस्टियन, बिधायक जी की धर्मपत्नी बिनीता कोनगाड़ी, प्रतिमा, फुलजेम्स कंडुलना, शैलेश बा सहित सभी मंडली के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचन**

**3rd Call**

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-15/2024-25 Dated :- 09/07/2024

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 15/07/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22/07/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23/07/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामगढ़ में नदीपर टोली नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | रामगढ | 52,63,451.50 | 1,05,300.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 329098 Minor Irrigation(24-25)#D

